PCE
GROUP I - PAPER 3
LAW, ETHICS AND COMMUNICATION

NOV 2010

IPCC
GROUP-I PAPER-2
BUSINESS LAW, COMMUNICATION AND ETHICS

Roll No. .....

Total No. of Questions – **7**

Total No. of Printed Pages – **14**

Time Allowed – **3** Hours

Maximum Marks – **100**

BSF–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

Marks

1. (a) X sent a consignment of mobile phones worth ₹ 60,000 to Y and obtained a railway receipt therefor. Later, he borrowed a loan of ₹ 40,000 from Star Bank and endorsed the railway receipt in favour of the Bank as security. In transit the consignment of mobile phones was lost. The Bank files a suit against the railway for a claim of ₹ 60,000, the value of the consignment. The railway contended that the Bank is entitled to recover the amount of loan i.e. 40,000 only. Examining the provisions of the Indian Contract Act, 1872, decide whether the contention of the railway is valid. **5**

(b) (I) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect. **2×1**

(i) A promissory note duly executed in favour of minor is void.

(ii) No consideration is necessary to create an agency.

Marks

(II) Choose the correct answer from the following and give reasons. 3×1

(i) Where both the parties to an agreement are under mistake as to a matter of fact, which is essential to the agreement, the agreement is :

(a) valid

(b) voidable

(c) void

(d) illegal.

(ii) In a contract of guarantee there are :

(a) one contract

(b) two contracts

(c) three contracts

(d) four contracts.

(iii) Cash is withdrawn by the customer of a bank from the automatic teller machine is an example of :

(a) express contract

(b) void contract

(c) tacit contract

(d) illegal contract.

(c) RSP Limited allotted 500 fully paid-up shares of ₹ 100 each to Z, a minor, in response to his application without knowing that he was a minor and entered his name in the Register of members. Later on, the company came to know of this fact. The company cancelled the allotment and struck-off his name from the Register of members and also forfeited his entire share money. He filed a suit against the action of the company. Decide whether Z would be given any relief by the court under the provisions of the Companies Act, 1956. 5

Marks

(d) (I) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect. 2×1

(i) A company should file its annual return within six months of the closing of the financial year.

(ii) If a company does not receive the minimum subscription, it should refund money received from applicants within 120 days of issue of prospectus.

(II) Choose the correct answer from the following and give reasons : 3×1

(i) An index of members must be maintained by a company when its membership exceeds :

(a) 20

(b) 50

(c) 70

(d) 80.

(ii) Unless the Articles provide for a large number, the quorum for a general meeting for a public limited company is :

(a) $1/3^{rd}$ of the members

(b) 5 members personally present

(c) 2 members

(d) 7 members.

(iii) Sources of funds for buy back of shares are :

(a) free reserves or securities premium account

(b) the proceeds of any shares or other specified securities

(c) (a) and (b) both

(d) none of the above.

Marks

2. (a) X was an employee of Universal Limited. He retired from the company on 31st March, 2010 and died after few months. Y, the heir of X, applied within the prescribed time to the company for payment of due bonus of X. The company refused to pay the bonus. Examine the validity of the company's refusal and also state the procedure to recover the bonus under the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965. **8**

(b) Explain the Social Sins listed by Mahatma Gandhi. **4**

(c) MNP Limited was incorporated in September 2010. Now the company wants to hold its first meeting of the Broad of Directors. Draft a notice of the said meeting along with agenda. **4**

3. (a) K is an employee of RST Limited, a software company which works five days in a week. K was not in continuous service during the financial year 2009-10. However, she worked only for 150 days because she was on maternity leave with full pay for 50 days. Referring to the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1972 decide whether K is entitled to gratuity payable under the Act. Would your answer remain the same in case RST Limited works six days in a week ? **8**

(b) Explain the fundamental principles relating to ethics. **4**

(c) A, B and C are partners of a firm. A retires from the firm by mutual consent due to sickness. Remaining partners (B and C) decide to admit D as a new partner in their firm. Draft a deed for reconstitution of partnership. **4**

Marks

4. (a) Unique Builders Limited decides to pay 2.5 percent of the value of debentures as underwriting commission to the underwriters but the Articles of the company authorize only 2.0 percent underwriting commission on debentures. The company further decides to pay the underwriting commission in the form of flats. Examine the validity of the above arrangements under the provisions of the Companies Act, 1956. 8

(b) State some examples of ethical issues faced by an individual at the workplace. 4

(c) Explain the various forms of formal communication. 4

5. (a) P draws a bill on Q for ₹ 10,000. Q accepts the bill. On maturity the bill was dishonoured by non-payment. P files a suit against Q for payment of ₹ 10,000. Q proved that the bill was accepted for value of ₹ 7,000 and as an accommodation to the plaintiff for the balance amount i.e. ₹ 3,000. Referring to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 decide whether P would succeed in recovering the whole amount of the bill. 8

(b) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect. 2×2

(i) Business and industry are closely linked with environment and resource utilization.

(ii) Trusteeship provides a means of transforming the present capitalist order of society into an egalitarian one.

(c) State the reasons for acceptance of change in an organisation. 4

Marks

6. (a) In a General Meeting of PQR Limited the Chairman directed to exclude certain matters detrimental to the interest of the company from the minutes. M, a shareholder contended that the minutes of the meeting must contain fair and correct summary of the proceedings thereat. Decide whether the contention of M is maintainable under the provisions of the Companies Act, 1956. **8**

(b) State the objectives of the Central Consumer Protection Council in India. **4**

(c) Explain the basic principles of interpersonal communication. **4**

7. (a) S retired from the services of PQR Limited on 31st March, 2009. He had a sum of ₹ 5 lac in his Provident Fund Account. It has become due for payment to S on 30th April, 2009 but the company made the payment of the said amount after one year. S claimed for the payment of interest on due amount at the rate of 15 percent per-annum for one year. Decide whether the claim of S is tenable under the provisions of the Employee's Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952. **4**

(b) RSP Limited is a Public Limited Company with a limited liability of its members by guarantee of ₹ 10 lac to each member. The company increases the liability of the members from ₹ 10 to 15 lac by an alteration made in the liability clause of the Memorandum of Association. Referring to the provisions of the Companies Act, 1956 decide whether the members of the company are liable for the increased liability. **4**

OR

Marks

The Board of Directors of XYZ Private Limited, a subsidiary of SRN Limited, decides to grant a loan of ₹ 2.00 lac to P, the Finance Manager of the company getting salary of ₹ 30,000 per month, to buy 400 partly paid-up equity share of ₹ 1,000 each of XYZ Limited. Examine the validity of Board's decision with reference to the provisions of the Companies Act, 1956. 4

(c) Explain briefly the key strategies which can be used at the time of implementation of Corporate Social Responsibility policies and practices in a company. 4

OR

Write a note on harassment at workplace. 4

(d) State reasons for selecting the oral mode of communication instead of the written mode of communication. 4

OR

X desires to gift his flat to Y. Draft a gift deed. 4

BSF–H **Marks**

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

1. (अ) एक्स ने वाई को ₹ 60,000 मूल्य का मोबाइल फोन्स् का एक माल-पार्सल भेजा एवं रेलवे से इसकी रसीद प्राप्त की । तत्पश्चात् उसने स्टार बैंक से ₹ 40,000 का ऋण लिया एवं रेलवे रसीद को प्रतिभूति के रूप में बैंक के पक्ष में पृष्ठांकित कर दी । परिवहन के दौरान मोबाइल फोन्स् का माल-पार्सल गुम हो गया । बैंक ने रेलवे के विरुद्ध ₹ 60,000 माल-पार्सल मूल्य के दावे का वाद प्रस्तुत किया । रेलवे ने इसका प्रतिवाद किया कि बैंक केवल ऋण की राशि, ₹ 40,000, वसूल करने का हकदार है । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों का परीक्षण करते हुए यह निर्णय कीजिए कि क्या रेलवे का प्रतिवाद वैध है । **5**

(ब) (I) कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य है अथवा असत्य : **2×1**

(i) अवयस्क के पक्ष में क्रियान्वित (duly executed) एक प्रतिज्ञा-पत्र व्यर्थ है ।

(ii) एक एजेन्सी के सृजन हेतु प्रतिफल होना आवश्यक नहीं है ।

(II) निम्न में से सही उत्तर चुनिए एवं कारण बताइए : **3×1**

(i) जब अनुबन्ध के दोनों पक्षकार तथ्यों सम्बन्धी गलती पर हो, जो कि अनुबन्ध हेतु आवश्यक है, तो अनुबन्ध है :

(अ) वैध

(ब) व्यर्थनीय

(स) व्यर्थ

(द) अवैध ।

Marks

(ii) एक प्रतिभूति संविदा में, होते हैं :

(अ) एक संविदा

(ब) दो संविदा

(स) तीन संविदा

(द) चार संविदा ।

(iii) बैंक के ग्राहक द्वारा स्वचालित टेलर मशीन (automatic teller machine) से नकद निकालना एक उदाहरण है :

(अ) स्पष्ट संविदा

(ब) व्यर्थ संविदा

(स) मौन (Tacit) संविदा

(द) अवैध संविदा ।

(स) आर.एस.पी. लिमिटेड ने ₹ 100 प्रतिअंश मूल्य के 500 पूर्वदत्त अंश, जेड, एक अवयस्क के आवेदन पर यह नहीं जानते हुए कि वह एक अवयस्क था, आबंटित किए एवं उसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में प्रविष्ट कर दिया । तत्पश्चात् यह तथ्य कम्पनी की जानकारी में आया । कम्पनी ने आबंटन रद्द कर दिया एवं उसका नाम सदस्यों के रजिस्टर से हटा दिया तथा उसकी सम्पूर्ण अंश पूँजी भी जब्त कर ली । उसने कम्पनी की कार्यवाही के विरुद्ध वाद प्रस्तुत किया । कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिए कि क्या जेड को न्यायालय द्वारा कोई राहत प्रदान की जायेगी । 5

(द) (I) कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : 2×1

(i) वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 6 माह के भीतर एक कम्पनी को अपनी वार्षिक रिटर्न प्रस्तुत कर देनी चाहिए ।

(ii) यदि एक कम्पनी न्यूनतम अभिदान राशि प्राप्त नहीं करती है तो उसे प्रविवरण जारी करने के 120 दिन के भीतर आवेदकों से प्राप्त राशि लौटा देनी चाहिए ।

Marks

(II) निम्न में से सही उत्तर चुनिए एवं कारण बताइए : 3×1

(i) एक कम्पनी को सदस्यों का निर्देशांक (Index of members) रखना चाहिए, जब इसकी सदस्यता _____ से ज्यादा हो ।

(अ) 20

(ब) 50

(स) 70

(द) 80

(ii) जब तक कि अन्तर्नियमों में अधिक संख्या का प्रावधान न हो, एक सार्वजनिक सीमित कम्पनी की साधारण सभा के लिए गणपूर्ति (quoram) है :

(अ) सदस्यों का 1/3 भाग

(ब) 5 सदस्यों का व्यक्तिशः उपस्थित होना

(स) 2 सदस्य

(द) 7 सदस्य ।

(iii) अंशों की वापसी खरीद (buy-back) हेतु कोषों के स्रोत हैं :

(अ) स्वतन्त्र संचय अथवा प्रतिभूति प्रीमियम खाता

(ब) किन्हीं अंशों या अन्य विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों से प्राप्त प्राप्तियाँ

(स) (अ) एवं (ब), दोनों

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

2. (अ) एक्स, यूनिवर्सल लिमिटेड का कर्मचारी था । 31 मार्च 2010 को वह कम्पनी से सेवानिवृत्त हुआ एवं कुछ महीनों बाद उसकी मृत्यु हो गई । वाई, एक्स का उत्तराधिकारी, ने निर्धारित समय में कम्पनी को एक्स की बकाया बोनस के भुगतान हेतु आवेदन किया । कम्पनी ने बोनस देने से इनकार कर दिया । बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत कम्पनी के इनकार की वैधता का परीक्षण कीजिए एवं बोनस वसूली की प्रक्रिया को भी बताइए । 8

Marks

(ब) महात्मा गाँधी द्वारा सूचीबद्ध सामाजिक अपराधों का विवेचन कीजिए । 4

(स) एम.एन.पी. लिमिटेड का समामेलन सितम्बर 2010 में हुआ था । अब यह कम्पनी संचालक मण्डल की प्रथम सभा आयोजित करना चाहती है । इस सभा की सूचना का प्रारूप, ऐजेण्ड़ा सहित तैयार कीजिए । 4

3. (अ) के., आर.एस.टी. लिमिटेड, एक सोफ्टवेयर कम्पनी, जो सप्ताह में 5 दिन कार्य करती है, की कर्मचारी है । के. वित्तीय वर्ष 2009-10 में निरन्तर सेवा में नहीं थी । उसने केवल 150 दिन कार्य किया क्योंकि वह 50 दिन के लिए पूर्ण वेतन पर मातृत्व अवकाश पर थी । उपादान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए यह निर्णय कीजिए कि क्या के., इस अधिनियम के अन्तर्गत देय ग्रेच्युटी पाने के लिए हकदार है । यदि आर.एस.टी. लिमिटेड सप्ताह में 6 दिन कार्य करती है तो भी क्या आपका उत्तर समान होगा ? 8

(ब) नैतिकता से सम्बन्धित आधारभूत सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए । 4

(स) अ, ब और स एक फर्म के साझेदार हैं । बीमारी के कारण, परस्पर सहमति से अ फर्म से निवृत्त होता है । शेष साझेदार (ब एवं स) द को अपनी फर्म में नये साझेदार के रूप में प्रवेश देने का निर्णय करते हैं । साझेदारी पुनर्गठन (reconstitution) संलेख का प्रारूप तैयार कीजिए । 4

4. (अ) यूनिक बिल्डर्स लिमिटेड अभिगोपकों को ऋणपत्रों के मूल्य का 2.5 प्रतिशत अभिगोपन कमीशन के रूप में भुगतान हेतु निर्णय लेती है, परन्तु कम्पनी के पार्षद अन्तर्नियम केवल 2.0 प्रतिशत अभिगोपन कमीशन हेतु अधिकृत करते हैं । कम्पनी, अभिगोपन कमीशन का भुगतान फ्लेटों के रूप में करने का भी निर्णय लेती है । कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत कम्पनी की व्यवस्थाओं की वैधता का परीक्षण कीजिए । 8

Marks

(ब) एक व्यक्ति द्वारा कार्यस्थल पर सामना किए जाने वाले नैतिक विषयों (ethical issues) के कतिपय उदाहरण बताइए । 4

(स) औपचारिक संवहन के विभिन्न प्रारूपों (forms) का विवेचन कीजिए । 4

5. (अ) पी., ₹ 10,000 का एक विनिमय-पत्र क्यू. पर लिखता है । क्यू. विनिमय-पत्र को स्वीकार करता है । परिपक्वता पर, भुगतान न होने के कारण विनिमय-पत्र अनादृत हो गया । पी. ने क्यू. के विरुद्ध ₹ 10,000 के भुगतान हेतु वाद प्रस्तुत किया । क्यू. ने यह सिद्ध कर दिया कि विनिमय-पत्र ₹ 7,000 के मूल्य हेतु ही स्वीकार किया गया था तथा शेष राशि यानि ₹ 3,000 प्रतिवादी के सहायतार्थ थी । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए निर्णय कीजिए कि क्या पी. विनिमय-पत्र की सम्पूर्ण राशि वसूल करने में सफल होगा । 8

(ब) कारण सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सत्य हैं अथवा असत्य : 2×2

(i) व्यवसाय एवं उद्योग, पर्यावरण एवं साधनों के विदोहन के साथ निकटतम रूप से जुड़ा हुआ है ।

(ii) प्रन्यासिता वर्तमान पूँजीवादी सामाजिक व्यवस्था को एक समानवादी व्यवस्था में परिवर्तन हेतु साधन उपलब्ध कराता है ।

(स) एक संगठन में परिवर्तन को स्वीकार करने के कारणों को बताइए । 4

6. (अ) पी.क्यू.आर. लिमिटेड की साधारण सभा में अध्यक्ष ने कम्पनी के हितों को नुकसान पहुँचाने वाले कतिपय मामलों को सूक्ष्म में से हटाने का निर्देश दिया । एम., एक अंशधारी, ने इसका प्रतिवाद किया कि सूक्ष्म, सभा की कार्यवाही का उचित एवं सही सारांश होना चाहिए । कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत निर्णय कीजिए कि क्या एम. का प्रतिवाद मान्य है । 8

Marks

(ब) भारत में केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद के उद्देश्यों को बताइए । 4

(स) अन्तर-वैयक्तिक संवहन के मूलभूत सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए । 4

(अ) एस., पी.क्यू.आर. लिमिटेड की सेवाओं से 31 मार्च 2009 को सेवानिवृत्त हुआ । उसके भविष्य निधि खाते में ₹ 5 लाख थे, जिसका एस. को भुगतान 30 अप्रैल 2009 को देय था परन्तु कम्पनी ने इस राशि का भुगतान एक वर्ष के बाद किया । एस. ने बकाया राशि पर 15 प्रतिशत वार्षिक दर से एक वर्ष के ब्याज के भुगतान हेतु दावा किया । कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत यह निर्णय कीजिए कि क्या एस. का दावा तर्कसंगत है । 4

(ब) आर.एस.पी. लिमिटेड एक सार्वजनिक सीमित दायित्व वाली कम्पनी है, जिसके प्रत्येक सदस्य का ₹ 10 लाख प्रतिभूति के रूप में सीमित दायित्व है । कम्पनी ने, पार्षद सीमानियम के दायित्व वाक्य में परिवर्तन के द्वारा, सदस्यों के दायित्व में वृद्धि करके ₹ 10 से 15 लाख कर दिया है । कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए निर्णय कीजिए कि क्या कम्पनी के सदस्य बढ़े हुए दायित्व के लिए दायी हैं । 4

अथवा

एक्स.वाई.जेड. प्राइवेट लिमिटेड, जो कि एस.आर.एन. लिमिटेड की सहायक कम्पनी है, का संचालक मण्डल पी., कम्पनी का वित्तीय प्रबन्धक जो कि ₹ 30,000 मासिक वेतन पाता है, को एक्स.वाई.जेड. लिमिटेड के ₹ 1000 प्रति अंश मूल्य के 400 आंशिक प्रदत्त समता अंशों के अभिदान हेतु ₹ 2.00 लाख का ऋण स्वीकार करने का निर्णय लेता है । कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के संदर्भ में मण्डल के निर्णय की वैधता का परीक्षण कीजिए । 4

(स) एक कम्पनी में निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व की नीतियों एवं व्यवहारों को क्रियान्वित करते समय प्रयुक्त मुख्य व्यूहरचनाओं का संक्षेप में विवेचन कीजिए । 4

अथवा

कार्यस्थल पर परेशान (harassment) करने पर एक टिप्पणी लिखिए । 4

Marks

(द) लिखित संवहन रीति (mode) के स्थान पर मौखिक संवहन रीति के चयन के कारणों को बताइए । 4

अथवा

एक्स. अपना फ्लैट वाई. को भेंट करना चाहता है । भेंट-संलेख प्रारूप तैयार कीजिए । 4
